Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 119-01-2022 अंक 119

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## आज का पंचांङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---20.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेरू---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शिशिर
माहः---माघ
पक्षः-- कृष्ण पक्ष
तिथिः---द्वितीया तिथि प्रातः 06:55 तक उपरांत तृतीया तिथि
दिनः---गुरुवार
नक्षत्रः---श्लेशा नक्षत्र प्रातः 07:40 तक उपरांत मघा नक्षत्र
योगः---आयूष्मान
करणः---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:40
सूर्यास्त : संध्या 05:20
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि मे प्रातः 07:40 तक उपरांत सिंह राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---01:30 बजे से दिन :---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धभिषेक करने से संतान सुख मे वृद्धि होता है।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इट्खोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# सांसद ने लिया कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी का जायजा, ऑक्सीजन सप्लाई का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बुधवार देर शाम हज़ारीबाग़ सांसद जयंत सिन्हा बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी का जायजा लिया। अस्पताल पहुंचने पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने सांसद जयंत सिन्हा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सांसद ने कोरोना को लेकर की गई अ०क्सीजन सप्लाई के संबंध में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से जानकारी प्राप्त की। ऑक्ससीजन प्लांट तक बि. जलीं आपूर्ति व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ट्रॉमा सेंटर का भी अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के साथ जायजा लिया। कोरोना के तीसरी लहर से बचने को लेकर की गई तैयारी देखी। वहीं ऑक्सीजन प्लांट और ट्रामा सेंटर का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को जरूरी दिशानिर्देश भी दिए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, राजेश सहाय, डोमन पांडेय, बंधन यादव, मोती लाल चौधरी, अरविंद यादव, शममशेर आलम एवं दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।



अस्पताल में कोरोना तैयारी का जायजा लेते सांसद जयंत सिन्हा

# पेट्रोल सब्सिड़ी योजना से लाभुकों से जोड़ने का निर्देश

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

प्रखंड मुख्यालय सभागार में पणन पदाधिकारी विष्णुगढ़ सह सहायक जिला आपूर्ति पदाधिक. ारी आलोक कुमार ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। बैठक में पीडीएस डीलरों को झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी पेट्रोल वाहन योजना के हकदार लाभुकों को जोड़ने में अपना योगदान देने का निर्देश दिया गया। योजना के संदर्भ में पीडीएस संचालको को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पीएच और ग्रीन राशन कार्डधारियो को इस योजना से जोड़ना है। योजना की शुरूआत 26 जनवरी को प्रस्तावित है। डीलरो से उन्होने कहा कि जिन राशन कार्डधारकों के पास दो पहिया वाहन है, वैसे लाभुको से राशनकार्ड, मोबाईल नबंर, आधारकार्ड, दो पहिया वाहन के कागजात ड्राइ. विंग लाईसेंस, आधार लिंक समेत बैंक खाते की डिटेल्स की छायाप्रति प्राप्त कर विहित प्रपत्र में सूची बनाकर शीघ्र आपूर्ति कार्यालय में जमा कराना सु. निश्चित करें, ताकि लाभुक को योजना से जोड़कर आच्छादित किया जा सके। बैठक में ता. पेश्वर रजक, उमेश पांडेय, भोला प्रसाद, गोविन्द पटेल, सुभाष कुमार, उमेश सिंह, हीरालाल महतो, गोबर्धन साव, टिकेश्वर महतो, नंदकिशोर पांडेय, मुकेश कुमार के अलावा महिला मंडल के पीडीएस संच. ालक मौजूद थे।




बैठक मे शामिल लोग

# जनप्रतिनिधियों ने किया बिरयानी हाउस का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड के विजैया बैंक मोड़ के समीप एपी बिरयानी हाउस खुला। एपी बिरयानी हाउस का उदघाटन मुख्य रूप से जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो0कैयूम मुखिया दसरथ यादव ने किया। इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि बिरयानी हाउस खुलने से बिरयानी की शौ. कीन रखने वाले लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने संचालक को कहा कि आप ग्राहकों को अच्छा समान के साथ मधुर संबंध बना कर रखें। मौके पर उप मुखिया सहदेव शर्मा, समाजसेवी पप्पू खान, रघु मोदी, मंसूर खान ,रमजान अंसारी, कर्तिक पासवान , मुकेश पासवान, बिनोद राणा, बाबू परवीन ,सोनू कुमार पवन कुमार, अशोक पासवान, नकुल पासवान, राजेंदर मोदी, मदन खुराना, टेकलाल पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।




बिरयानी हाउस का उद्घाटन करते मो कयूम

# पड़रिया समाज द्वारा किया गया एकादश एवं ब्रह्मभोज का बहिष्कार

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखडं अतंर्गत ग्राम पड़रिया के सपंर्णू ग्राम वासियों द्वारा दुर्गा मडंप के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में एकादश एवं ब्रह्मभोज को लेकर अनावश्यक खर्च ना हो इसके सबंधं चर्चा की गई। जिसमें पड़रिया के समस्त ग्रामवासियों द्वारा एकादश एवंब्रह्म भोज का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। साथ हीं यह भी निर्णय लिया गया कि हमारा समाज तभी प्रगति कर पाएगा जब शिक्षा का स्तर में वद्धि हो। इसलिए सामुहिक रूप से यह निर्णय लिया गया कि इन अनावश्यक खर्चो को रो. ककर शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किया जाए। बठैक की अध्यक्षता नारायण प्रसाद (सेवानिवत्तृ शिक्षक ) एवं संचालन नारायण प्रसाद मेहता ने किया। इस बठैक में राजेंद्र प्रसाद, खागेन्द्र प्रसाद मेहता, उमेश्वर महतो, हरि महतो, सीताराम प्रसाद, सहदेव राणा, महेंद्र राणा, अरविंद कुमार, शिवशंकर प्रसाद, अरुण कुमार भारती, प्रवीण कुमार, राजूकुमार, सुभाष पासवान, अशोक पासवान, चेतलाल रविदास, नारो रविदास, मकुेश कुमार, विनोद कुमार तथा समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



बैठक मे उपस्थित लोग

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एकल अभियान बरही अंचल के अध्यक्ष बने बिनोद पासवान एवं सचिव बने मोती सिंह

### बरही संच समिति का गठन, राजदेव यादव को मिली आरोग्य प्रभारी की जिम्मेवारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



एकल विद्यालय के नव गठित संच समिति के कमेटी

एकल अभियान बरही अंचल कमेटी की ओर से बरही संच समिति की गठ्न को लेकर प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। अध्यक्षता अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति एवं संचालन ग्राम स्वराज्य मंच के प्रमुख संदीप चंद्रवंशी एवं संच प्रमुख शीला देवी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से एकल अभियान बरही संच समिति का गठन किया गया। इसमे बिनोद कुमार पासवान को अध्यक्ष एवं मोती सिंह को सचिव चुना गया। उपाध्यक्ष बिष्णुधारी महतो, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र साव को बनाया गया। आरोग्य योजना प्रभारी की जिम्मेदारी राजदेव यादव, संस्कार प्रभारी राज कुमार केशरी एवं ग्राम स्वराज्य मंच प्रभारी का दायित्व पिंटू कुमार को दिया गया। इस अवसर पर सभी ने एकल विद्यालय संचालन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दुहरायी। सभी ने सरस्वती माता के चित्र के पास दीप प्रज्वलित अपने सनातन संस्क्रुति को संरक्षित करने का भी संकल्प लिया। मौके पर विहिप के गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## निजी विद्यालय संघ का वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कोरोना जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल निजी विद्यालय संघ के लोग

निजी विद्यालय संघ की ओर से जवाहर घाट में वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथलेश यादव एवं संचालन सचिव नितेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद रहे। वार्षिक मिलन कार्यक्रम में सभी निजी विद्यालय के संचालकों ने कोरोनाकाल में हुए आर्थिक क्षति एवं बुरा अनुभव को शेयर किया। सभी ने माना कि कोविड के कारण यदि सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है तो वह है निजी विद्यालय। निजी विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी को काफी आर्थिक नुकसान उठानी पड़ी है। वही बच्चो का शैक्षणिक भविष्य भी अंधकारमय हो रहा है। मिथलेश यादव ने कहा कि वर्तमान समय मे अधिकांश लोग वैक्सीनेटेड हो गए है। कोरोना का प्रभाव काफी कम हो गया है। ऐसे में सभी कोटि के विद्यालय खोल देनी चाहिए। विद्यालय खुलने से बेरा. `जगार हो रहे शिक्षको एवं अन्य कर्मी को राहत मिलेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हम सब बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देंगे। कोरोना से डरना नही है। इसलिए को. विड गाइड लाइन का पालन करने पर जोर दिया जाएगा। कोरोना के प्रति जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। मौके पर मिथलेश यादव, सुनील कुमार दत्ता, सुरेश यादव, रोहित सिंह, रामचंद्र यादव, बीरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, गुलाब दास, दिनेश यादव, नितेश कुमार, कमलेश कुमार, अनुज प्रजापति, कमलेश कुमार, बासुदेव प्रसाद, रौशन सिंह सहित कई विद्यालक संचालक मौजूद थे।

## विधायक अकेला के सौजन्य से ग्राम दौरवा और चार माइल में लगा नया ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



फिता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते लोग

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के दौरवा एवं चारमाइल में बरही विधायक उमाशंकर अकेला के सौजन्य से 63 केवी का दो अलग-अलग ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि कल्याण विभाग बिना उरांव एवं प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस बीच विधायक प्रतिनिधि कल्याण विभाग बिना उरांव ने लोंगो को संबोधित करते हुए कहा विधायक उमाशंकर अकेला का सपना है एक भी गांव बिजली से वंचित नहीं रहे चाहे हमें इसके लिए जितनी भी कुर्बानी देना पड़े हम हमेशा तत्पर हैं और रहेंगे। मौके पर केदारुत पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष पवन सिंह, वार्ड सदस्य गुलेनदृ यादव, प्रदीप पासवान, अनुज यादव, रामाशीष पासवान, रिंकू पासवान, प्रकाश यादव, खोड़ाहर पंचायत के आदिवासी कल्याण विभाग अध्यक्ष प्रकाश एक्का, इंद्रदेव यादव, सुरेश एक्का, निलेश यादव, रंजीत यादव, पवन यादव, रामप्रवेश यादव एवं सैकड़ों ग्रामीण उप. स्थित थे।

## कोल्हुवाकला में शतचंडी प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल लोग

कोल्हुवाकला पंचायत में शतचंडी प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ को लेकर बुधवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही विधान सभा के सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मणिलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव , भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव तथा मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल यादव उपस्थित होकर पूजन कार्यक्रम में भाग लिए। ध्वजा रोहन कार्यक्रम में मंगलदेव यादव, किशुन यादव, मूलचंद यादव, किशोर यादव, भुनेश्वर यादव, शिबू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हाई टेंसन तार दुर्घटना को कर रहा है आमंत्रित

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अलगडीहा हनुमान मंदिर के निकट 11हजार बिजली का खंभा टुट कर तार के सहारे खडा है जिससे खंभा कभी भी गिर सकता है। आपको बता दे कि इस गांव के एवं इस क्षेत्र के लोग और मवेशी इस तार के चपेट में आ सकते हैं। बिजली विभाग के लापरवाही के कारण कुछ दिन पहले ही गैलेक्सी पब्लिक स्कूल के निकट तार टूट कर गिर गया था। जिससे लाडो देवी पति करमचंद्र महतो रागडीह निवासी तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग सेनअतिशीघ्र खंबे बदलने की मांग की हैं।

## राज सिंह चौहान ने आजसू जिला अध्यक्ष बनने पर विकास राणा को दी बधाई

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**





विकाश राणा

आजसू के बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान ने विकास राणा को हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष के रूप में चयनित होने पर बधाई दी है। उन्होंने विकास राणा को पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त की है और उन्हें बेहतर नेतृत्वकर्ता कहा। उन्होंने कहा है कि उनके जिला अध्यक्ष बनने से हज़ारीबाग जिला में आजसू और भी मजबूत और गतिशील होगी। साथ ही साथ कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय भी मजबूत होगा।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सरस्वती संस्कर केंद्र का उद्घाटन किया गया।


**अपेम लाइवःगिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा के तत्वावधान में उपेक्षित बस्ती गद्दी मुहल्ला में सरस्वती संस्कर केंद्र का उद्घाटन किया गया।मोके पर समिति सचिव दीपक शर्मा,प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी एवं संस्कर केंद्र प्रमुख नारायण दास ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बा. लको के भीतर सामर्थ्य का असीम भंडार छुपा है जिसे प्रकट करने के लिए उत्तम संस्करों का सिंचन,उत्तम चारित्रिक शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के गौरव का परिचय कराने के लिए विद्या भारती सतत प्रयत्नशील है।इसी के तहत गद्दी मो. हल्ला में सरस्वती संस्कर केंद्र का उद्घाटन किया गया जंहा बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ–साथ संस्कार भी दिए जाएंगे।सामाजिक समरसता के तहत बच्चो के बीच तिलकुट आदि का वितरण किया गया।कार्यक्रम में अजित कुमार मिश्रा ,रा. जेन्द्र लाल बरनवाल ,राजीव रंजन,विपिन सहाय, एवं मनीष पाठक और बस्ती के लोग उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी ने गावां प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा कर सुनी लोगो की समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन

**अपेम लाइवःगावां**
**मुजाहिद अली**



जनसमस्याओं से अवगत होते पुर्व मुख्यमंत्री

गावां, गिरिडीह : धनवार के विधायक सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को गावां प्रखण्ड के कई गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गावां, मंझने, अमतरो, बिरने आदि दर्जनो गांवों में जाकर वहां की जनता से रूबरू हुए और वहां की जनसमस्याओं को सुने। इस क्रम में ग्रामीणों ने अपने और अपने क्षेत्र की समस्याओं जैसे विद्यालय, सड़क, पूल–पुलिया की कमी एवं आवश्यकता आदि से उन्हें अवगत करवाया और उक्त समस्याओं पर पहल करते हुए समाधान करने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने समस्याओं की मांग को लेकर उन्हें मांगपत्र भी दिए। बाबूलाल मरांडी ने क्षेत्र के जनता की समस्याओं को सुने और उन समस्याओं को शीघ्र ही दूर करने का आश्वासन भी दिए। उन्होंने कहा कि गावां प्रखण्ड मेरा अपना क्षेत्र है इसलिए यहाँ के लोगो से मिलने की चाहत मुझे हमेशा रहती है। साथ ही यहां मैं अपने कार्यकर्ताओं से मिलने के उद्देश्य से भी आ जाता हूँ। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, भगवानदास बरनवाल, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, वहाब खान, चंद्रशेखर आज़ाद, अमरदीप निराला, मनोज यादव, कांग्रेस यादव, ललित पांडेय, महादेव दुबे, महेंद्र वर्मा, कामेश्वर पासवान, अशोक उपाध्याय, विजय यादव, बनारस सिंह, परवेज आलम, अंकज सिंह विशाल राणा, विशाल पाण्डे आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बसोडीह गांव निवासी शनिचर पंडित का हुआ निधन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पडर्मनिया पंचायत के बसोडीह गांव निवासी शनिचर पंडित का निधन हो गया।इस घटना की सूचना पाकर झामुमो के प्रखंड समिति बिरनी के पदाधिकारियों आदि लोग पहुँचकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया।झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष इंद्रदेव रॉय, प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी,प्रखंड कोशाध्यक्ष मो0 रिज़वी अन्सारी प्रखंड सह सचिव नूर मो. हम्मद प्रखंड संगठन सचिव सदीक अन्सारी, कार्यकारणी सदस्य राजेंद्र सिंह आदि महिलाएं उपस्थित थे।

## शाम होते ही लोग डुबक जाते है घर मे

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



गिरिडीह जिला समेत के क्षेत्रों में दो दिनों से ज्यादा कनकनी ने घर से लोगो को बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है।वही बिरनी प्रखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह होते ही लोग कोहरे के दर्शन करना होगा वही कनकनी से लोग सुबह देर से शाम होने से पहले आपने घरो में डुबक जाते हैं। क्योंकि बीते दिनों में तापमान की भारी गिरावट दर्ज किया गया है।ज्यादातर लोगों गर्म कपड़े में दिखाई दे रहे हैं।जिससे सामान्य जन जीवन ठंड से परेशान हैं।. रात होते ही कोहरे छा जाता है। तापमान में आई गिरावट लोगो की तबियत बिगड़ रही है।

## जरीडीह गाँव के सैकड़ो लोगों को किया गया कंबल वितरण

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



कंबल वितरण करते एसडीपीओ व अन्य

सामाजिक संगठन के तत्वाधान में आज निशाहय लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल सरिया(बगोदर) एस डी पी ओ नौशाद आलम थे। ’आवाज दो हम एक है।तहत श्रीमान रतन कुमार पांडेय जी एवं बिरनी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने ठंढ के साथ सर्द शीत लहर कहर बरपा रहा है।ऐसे में हम सबका कर्तब्य बनता है।हमारा जन संगठन आवाज दो हम एक है। बुधवार को जनता जरीडीह में दोपहर दो बजे कम्बल वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त मौके़ जरीडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता टिकेट रा. जामणि सिंह,भरकट्टा मंडल मीडिया प्रभारी रंजीत राय, बहादुर राम,अर्जुन महतो, रामकिशुन महतो,आशीष पांडेय, पवन विश्वकर्मा एवं संघटन के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।एवं सैकड़ो ग्रामीण थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**


निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉo अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर





## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कस्तूरबा में नामांकन प्रक्रिया शुरू, बीईईओ ने किया सीआरपी संग बैठक

### प्रचार प्रसार के माध्यम से नामांकन के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक : वार्डन

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय मानगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022 – 23 में नामांकन कि प्रकिया शुरू हो गया है। इसी कड़ी में बीईईओ रीना कुमारी ने कस्तूरबा वार्डेन ज्योति राणा व प्रखण्ड के सभी सीआरपी व बीआरपी के साथ बैठक कर नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा। बीईईओ ने बताया कि आवेदन लेने का प्रक्रिया शुरू हो गया है। आगामी 10 फरवरी तक अभिभावक आवेदन भरकर जमा कर सकते है। इसके बाद सीआरपी द्वारा सत्यापित कर प्रखण्ड स्तरीय शिक्षा समिति द्वारा सूची तैयार कर जिला को भेजा जाएगा। कहा कि वर्ग नवम के लिए 25 व वर्ग छः के लिए 75 बच्चियो का कोी. टवार नामांकन लिया जाएगा। वार्डेन ने बताया कि नामांकन कर लिए प्रचार वाहन से माइकिंग कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है । बैठक में बीआरपी मो सईद, बज. रंगी कुमार, सीआरपी महेंद्र कुमार, प्रभाकर अम्बुदी, प्रन्तोष सिंह, राकेश कुमार, विश्वनाथ साव, मो सोएब अहमद, शैलेन्द्र पांडेय, रा. जकिशोर शर्मा सहित अन्य।

## 26 जनवरी को लेकर प्रखण्ड कार्यालय में हुआ बैठक कोविड के नियमो का पालन के साथ मनेगा गणतंत्र दिवस

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

बुधवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में बी डी ओ हुलास महतो के अध्यक्षता में गणतंत्रता दिवस को लेकर बैठक किया गया। बैठक में प्रखण्ड के सभी विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हुए।बी डी ओ ने निर्देश दिया कि जहां भी झंडोतोलन किया जाएगा वहाँ कोविड के नियमो के मद्देनजर तिरंगा फहराया जाएगा।तय कार्यक्रम के अनुशार प्रखण्ड कार्यालय में सुबह 9:00 बजे, राजपुर थाना में 9:15 बजे,सी आर पी एफ क०म्प में 9:25बजे, बीके पल्स टू उच्च विद्यालय में 8:30 य बालिका विद्यालय में 9:40 बजे, 9:50 में बुनियादी विधालय में, 9:55 बजे रामनगर उच्च विद्यालय, 10: 00 तहशील कचहरी, अस्पताल कान्हाचट्टी 10: 10 बजे, भारतीय स्टेट बैंक कान्हाचट्टी में 10:20 बजे, जेएसएलपीएस 10: 25 बजे, राजपुर स्टेट बैंक में 10:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। तथा उसके अलावे सभी पंचायत मुख्यालयों में पंचायत सचिव एवं मुखिया झंडोतोलन करेंगे।मौके पर सभी विभाग के लोग मौजूद थे।

## अफ्रीकी देश माली में फंसे मजदूरों की वापसी का रास्ता साफ

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



बमाको में भारतीय दूतावास के अधिकारियों के साथ मजदूरों का प्रतिनिधिमंडल

अफ्रीकी देश माली में फंसे झारखंड के 33 मजदूरों की वापसी का रास्ता साफ हो गया है। सभी मजदूर शीघ्र अपने वतन भारत लौट सकेंगे। भारत के विदेश मंत्रालय की पहल पर मज. दूरों और कंपनी प्रबंधन के बीच माली की राजधानी बमाको स्थित भारतीय दूतावास में लिखित समझौता हो गया है। इसमें दूतावास में कार्यरत भारतीय अधिकारी एचओसी वी विजय पांडेय और एसीओ राकेश कुमार दिवाकर मौजूद थे। समझौता के मुताबिक केपीटीएल कंपनी सभी मज. दूरों के अक्टूबर और नवंबर माह के बकाये वेतन का भुगतान करेगी। पांच दिनों के अंदर कंपनी सामान्य मजदूरों के खाते में 650 अमेरिकी ड०लर तथा सुप. रवाइजर के बैंक खाते में 750 अमेरिकी ड०लर देगी। सभी रकम को भारतीय मुद्रा में भुगतान किया जाएगा। इसमें वेतन और भोजन का राशि भी शामिल है। इसके अलावा मजदूर इंद्रदेव ठाकुर के छह माह के बकाये वेतन की रकम और फूडिंग चार्ज को लेकर 1950 अमेरिकन ड०लर भुगतान करने पर भी कंपनी ने सहमति जताई है। इसे भी पांच दिनों के भीतर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है। समझौता के मुताबिक मज. दूरों के वतन वापसी की व्यवस्था भी कंपनी प्रबंधन को करना होगा। माली की राजधानी बमाको से रांची के लिए फ्लाइट टिकट की व्यवस्था कंपनी की ओर से की जाएगी। कहा गया है कि बमाको से भारत के लिए सप्ताह में सिर्फ शनिवार को हीं फ्लाइट की उड़ान है। इस बीच अलग-अलग जत्थे में मज. दूरों की वापसी संभव हो पाएगी। इस बीच सभी के वतन वापसी होने तक तक मजदूरों के भोजन, रहने समेत अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी भी कंपनी प्रबंधन को दी गई है। मजदूरों की ओर से ग्रुप लीडर रूपलाल महतो तथा कंपनी प्रबंधन की ओर से असिस्टेंट मैनेजर सत्य दुर्गा प्रसाद ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से मजदूरों समेत उनके परिजनों में भी खुशी है। मजदूरों ने एक वीडियो संदेश जारी कर उनकी आवाज उठाने के लिए मीडिया संस्थानों के प्रति आभार जताया है।

APEM LIVE

## अरविंद केजरीवाल के काम की राजनीति को पसंद कर रहे हैं युवा

### दर्जनों नौजवानों ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

**अपेम लाइव : धनवार**
**रौशन अली**



आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे झारखंड में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है । और लगातार युवाओं का शामिल होना जारी है। झारखंड के युवा अरविंद केजरीवाल के काम की रा. जनीति को पसन्द कर रहे हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी गिरिडीह के जिला संयोजक सागर कुमार चौधरी ने बुधवार को गाँवा में कही । उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और लोग लगातार आम आदमी पार्टी में बढ़-चढ़कर जुड़ रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि गिरिडीह जिला में भी व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का कार्य जारी है । उन्होंने कहा कि झारखंड में यूपीए और एनडीए दोनों से लोगों की उम्मीद खत्म हो गई है । विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी की ओर लोग आस लगाए बैठे हैं । उन्होंने कहा कि प्रदेश संयोजक डीएनसिंह ने जनवरी में हर विधानसभा में प्रथम चरण में एक हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया है। कहा कि हर विधानसभा में आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान तेज होगा। बुधवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गावाँ प्रखंड में सदस्यता अभियान के दौरान जिला संयोजक के समक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों नौजवानों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। दिनेश यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सकती है । उन्होंने कहा कि वे अरविन्द केजरीवाल के काम की राजनीति से प्रेरित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। कहा कि जनता के विकास का विजन केवल आम आदमी पार्टी के पास है । जिला संयोजक ने कहा कि हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है यहाँ बिना पैसा का गरीबों का काम नहीं हो पा रहा है। हर सरकारी कार्यालयों में बिचौलियों की चांदी है । कहा कि झारखंड सरकार में शामिल दल अपने अपने घोषणा पत्र के अनुसार जनता का काम करना सुनिश्चित करें । नहीं तो घोषणा पत्र लेकर आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। नौजवानों को रोजगार देने में सरकार अब तक फेल रही है। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले नौजवानों में दिनेश कुमार दास, चंद्रिका रविदास, उमेश रविदास, रंजीत रविदास, राजेन्द्र रविदास, कैलाश रविदास, शम्भु रविदास, तुलसी रविदास , राहुल चौधरी, अखिलेश पाण्डेय, नीतीश यादव सहित कई लोग शामिल हैं।

## बाल पंचायत के बच्चों ने स्कूलों में महिला अध्यपिका की नियुक्ति हेतु बाबूलाल मरांडी को सौंपा मांगपत्र

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के बाल पंचायत के बच्चों ने बुधवार को क्षेत्र के विधायक बा. बूलाल मरांडी को मांग पत्र दिया और प्रखण्ड के सभी स्कूलों पे महिला अध्यापिका की मांग की। बात दे कि बुधवार को विधायक बाबूलाल मरांडी गावां प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा किये और लोगो की समस्याएं सुनी। इसी दौरान बाल पंचायत के बच्चों की एक टीम ने बा. बूलाल मरांडी से मुलाकात कर प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में महिला अध्यापिका की मांग के लिए मांगपत्र सौंपे। बच्चों ने कहा कि प्रखण्ड में महिला अध्यापिका की घोर कमी है। लड़कियों के अनुपात के हिसाब से सभी प्राइमरी, मध्य, उच्च एवं प्लस टू विद्यालयों में कम से कम एक एक महिला अध्यापिका की सख्त जरूरत है। मौके पर चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी समेत बाल पंचायत के दर्जनों बच्चे उप. स्थित थे।

## पदमा पहुँचे सांसद जयंत सिन्हा, किया कई योजनाओं का निरीक्षण

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**



हज़ारीबाग़ सांसद जयंत सिन्हा पदमा पंचायत के साई सेंटर पहुँचे जहाँ 8 करोड़ के लागत से बनाये जा रहे हॉकी मैदान का निरीक्षण किया। मौके पर पूर्व जिलाअध्यक्ष टुनू गोप, अंबिका सिंह, पदमा से भाजपा के प्रखण्ड अध्यक्ष बाबु लाल मेहता, नारायण यादव, सासंद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता, भा. जपा के रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अजय मेहता, पदमा प्रखण्ड उपाध्यक्ष भरत पांडेय, बुधन साव, बिजय मेहता, अल्पसंख्यक अध्यक्ष डब्लू, गणेश यादव, प्रमेशवर पांडेय, खेमलाल साव, महेंद्र मेहता, अशोक यादव, रमेश सिंह समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

Estd : 2014
VECTOR CLASSES
VECTOR CLASSES
Germinating Confidence
7717777833, 9113408072
I.Sc. (XI[th] & XII[th]) IIT - JEE (Mains + Advance) Medical
ARTS (XI[th] & XII[th])
8[th] to 10[th] (CBSE & JAC Board)
राँची, पटना जैसी शिक्षा प्राप्त करें अब आपके शहर बरही में अनुभवी शिक्षको के साथ...

## शोकाकुल परिजनों से मिले सांसद जयंत सिन्हा समेत भाजपा नेता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



परिजनों को सांत्वना देते भाजपा नेता

मांडू विस के सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा के ज्येष्ठ पुत्र साकेत उर्फ राजा सिन्हा के आक. स्मिक निधन को लेकर सांसद जयंत सिन्हा विष्णुगढ़ पहुंचे। शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्होंने ढ़ांढ़स बंधाया। इसके अलावा मांडू विस के वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, रामगढ़ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला महामंत्री राजेन्द्र कुशवाहा तथा प्रकाश मिश्र ने भी शोकाकुल परिजनों को संबल दिया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल भी परिजनों से मिलकर शोक जताया। कहा कि पार्टी इस दुख की घड़ी में सदैव उनके साथ खड़ी है।

## अखिल भारतीय हिन्दू महासभा द्वारा महाआरती

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



महाआरती करते हिंदू महासभा के कार्यकर्ता

अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा बौलियागंज स्थित चौती दुर्गा मंदिर प्रांगण में बजरंगबली के मंदिर में महाआरती की गई। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रखण्ड प्रमुख भास्कर दुबे ने कहा की इस आरती का आयोजन हर मंगलवार को प्रखंड के भिन्न-भिन्न हनुमान मंदिरों में प्रखंड की मंगल कामना और समाज में धर्म के संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु किया जा रहा है। इस आरती का आयोजन अखिल भारत हिंदू महासभा विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमिटी के सक्रिय सदस्य बबलू गुप्ता के तरफ़ से किया गया। हनुमान आरती पंडित श्री दीपक पांडेय द्वारा करवाया गया। आरती में मुख्य रूप से भास्कर दुबे, बबलु गुप्ता, चिंतामण पटेल, राजन राज, विष्णु कुमार, शुभम कुमार, दीपक पांडेय, प्रवीण पांडेय, बंटी कुमार, अंकित, सूर्यकांत मिश्रा, विशाल, पप्पू आदि मौजूद थे।

## गाल्होबार में स्कूली बच्चों का हुआ कोविड टीकाकरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



टीकाकरण करवाते स्कूली बच्चे

प्रखंड के गाल्होबार पंचायत के विभिन्न स्थानों में बुधवार को कोविड-19 वै. क्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे गाल्होवार उच्च विद्यालय में 15 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों के बीच कोविड-19 वैक्सीन का पहला टीका एएनएम कविता कुमारी, विमला देवी (एसएस), सकिला खातून, सुमंत कुमार, परमेश्वर राम, नित्यानंद, मंगर रजक के सहयोग से विद्यार्थियों के बीच कुल 40 टीका लगवाया गया। उच्च विद्यालय के शिक्षक परमेश्वर राम नित्यानंद ने कहा कि कक्षा 9वी और कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को टीका लगाया गया। कहा कि कोरोना कि प्रकोप पुनः तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में कोरोनारा. धी टीके से कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है। गाल्होवार पंचायत भवन में भी 18 से ऊपर वर्ष के लोगो के बीच 30 लोगों ने टीका लगवाया। इसके अलावा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अंबेदकर बस्ती में कुल 10 लोगो ने टीका लगाया। मौके पर स्ने. हलता (एएनएम), निर्मला देवी (सहिया), यशोदा देवी (सेविका), मधुलता अंबाडीह (सेविका), डेगलाल महतो (ऑपरेटर), हरिलाल महतो (ऑपरेटर), राजू राम, मनोज शर्मा, प्रमेश्वर महतो, कंचन भारती, आशा देवी, सोना महतो, प्रेमचंद महतो, सीता देवी, अमित कुमार रवि, राहुल कुमार, सुमिरन खातून, पुजा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## पंसस सह भाजपा महामंत्री को पितृशोक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत के पंसस सह भा. जपा अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री दीपक रजक के पिता फूलचंद रजक का निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के थे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पुत्र दीपक रजक ने उन्हें मुखाग्नि दी।







